संख्या-383/2021/I/71811/2021-23-11002(002)/6/2021

प्रेषक,

राजेश कुमार पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 17/06/2021**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2021-22 में रेल उपरिगामी सेतु निर्माण के चालू कार्यो पर धनावंटन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (सेतु), लोक निर्माण विभाग लखनऊ के पत्र संख्या-1245/रेल उपरिगामी योजना (चालू कार्य)/2021-22, दिनांक 24-05-2021 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि रेल उपरिगामी सेतु निर्माण के अधोलिखित तालिका में अंकित 08 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल रू0 7991.67 लाख (रू0 उन्यासी करोड़ इक्यानबे लाख सरसठ हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	कार्य का नाम	कुल लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि		
				अनु0 सं0-57	अनु0 सं0-83	योग
1	जनपद प्रयागराज में उत्तर मध्य रेलवे के अन्तर्गत मुगलसराय-इलाहाबाद सेक्शन (डी0एफ0सी0सी0 रूट) के कि0मी0 775/13-15 के ग्राम दिघिया के समीप मिर्जापुर-सिरसा मार्ग के मध्य सम्पार सं0-20सी पर दो लेन रेल उपरिगामी सेतु।	3946.97	1788.92	95.75	25.78	121.53
2	जनपद प्रयागराज में प्रयाग स्टेशन के निकट बक्सी बांध पर इलाहाबाद-फाफामऊ रेल खण्ड के रेलवे कि0मी0 151/1-2 पर रेल सम्पार सं0-78ए पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	5292.36	1578.03	849.37	228.65	1078.02
3	जनपद प्रयागराज में डी0एफ0सी0सी0 रूट पर उत्तर मध्य रेलवे के अन्तर्गत इलाहाबाद-मुगलसरांय रेल सेक्शन के कि0मी0 807/23-25 पर रेल सम्पार सं0-31सी पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	6705.22	10.00	975.89	262.71	1238.60
4	जनपद भदोही में रेलवे स्टेशन के बांयी तरफ सम्पार सं0-31बी (गजिया) पर वाराणसी-भदोही इलाहाबाद सेक्शन पर रेल उपरिगामी सेतु।	4422.54	2480.92	753.27	202.78	956.05
5	जनपद सीतापुर में सीतापुर-लखीमपुर राज्य मार्ग सं0-21 पर ब्राड गेज रेलवे सम्पार संख्या-91बी पर सीतापुर-बुढवल रेल सेक्शन पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	5443.76	4230.52	133.47	35.93	169.40
6	जनपद फिरोजाबाद में आसफाबाद चैराहा से फतेहाबाद मार्ग पर कानपुर-टुण्डला रेल सेक्शन के रेलवे कि0मी0 1228/25-27 के रेल सम्पार संख्या-62 पर 02 रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	4958.98	2682.07	794.40	213.85	1008.25
7	जनपद गोण्डा में बहराइच-फैजाबाद-अम्बेडकर नगर-आजमगढ़ राज्य मार्ग सं0-30 पर गोण्डा बाराबंकी रेल सेक्शन के कि0मी0 659/5-6 पर सम्पार सं0-262 स्पेशल पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	11283.81	3067.21	2022.64	544.49	2567.13
8	जनपद बलरामपुर में उतरौला बाईपास पर स्थित बलरामपुर- गोण्डा रेल मार्ग पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु।	3410.76	0.03	671.83	180.86	852.69
	योग:-			**6296.62**	**1695.05**	**7991.67**

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आबंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आबंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आबंटित धनराशि का उपयोग शीघ्रातिशीघ्र सुनिश्चित किया जाय। कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा ससमय कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेगी।

2- प्रश्नगत कार्यो पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में अनुदान सं0-57 के लेखाशीर्षक-5054-सड़को तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़के-101-पुल-05-रेलवे उपरिगामी सेतु-0516-रेलवे उपरिगामी/अधोगामी सेतुओं के निर्माण के चालू कार्यो हेतु व्यवस्था-24-वृहत निर्माण कार्य तथा अनुदान सं0-83 लेखाशीर्षक-5054-सड़को तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़के-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना-15-रेलवे उपरिगामी/अधोगामी सेतुओं का निर्माण (चालू कार्य)-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-03/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021 दिनांक 22-03-2021 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

<u>संख्या व दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
5- मुख्य अभियन्ता (सेतु) लोक निर्माण विभाग लखनऊ।
5- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, लखनऊ।
6- निदेशक, स्थानीय निधि, लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- वित्त व्यय (नियंत्रण) अनु0-8/वित्त आय-व्ययक अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
10- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
11- अधीक्षण अभियन्ता नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
12- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
13- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
14- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in